हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

## आज स्क्रूटनी के बाद आठ अप्रैल तक मिलेगा नाम वापस लेने का समय

# प्लान फेलः 244 ने लिया नामांकन लेकिन जमा करने सिर्फ 23 ही पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*“प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा बैलेट से चुनाव कराने की तैयार की गई। 385 नामांकन दाखिल करने की प्लानिंग को जिले के कांग्रेस नेताओं का साथ नहीं मिल सका। यही कारण है कि एक ही दिन में 210 नामांकन फार्म लेने के बाद इसे दाखिल करने कोई नहीं पहुंचा। प्रशासन ने थोक में नामांकन जमा करने की तैयारी कर रखी थी, लेकिन दोपहर तीन बजे तक सन्नाटा पसरा रहा।*

ईवीएम पर लंबे समय से सवाल उठाती रही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा बैलेट पेपर से चुनाव कराने के लिए एक प्लान दिया गया था। उन्होंने बयान देकर कहा था कि यदि 384 से अधिक प्रत्याशियों के मैदान में उतरते हैं तो मतदान बैलेट पेपर से ही होगा। इस बयान के बाद बुधवार को राजनांदगांव लोस में एक ही दिन ही में 210 लोगों के नामांकन लेने से हड़कंप मच गया था।

निर्वाचन आयोग भी बैलेट पेपर से चुनाव कराने की स्थिति में अपनी तैयारियों में जुट गया था, परन्तु नामांकन दाखिले के अंतिम समय से पहले नामांकन जमा करने सिर्फ 23 लोग ही पहुंचे। ऐसे में कहा जा सकता है कि कांग्रेस का बैलेट पेपर से चुनाव कराने का जो प्लान था, वो फेल हो गया। कांग्रेस ने हर विधानसभा से 25 नामांकन दाखिल करने की रणनीति तैयार की थी, लेकिन बुधवार को सिर्फ दो विस से ही लोग यहां पहुंचे। राजनांदगांव शहर के नेताओं ने भी इस रणनीति पर काम नहीं किया। नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के सातवें दिन बुधवार को नामांकन लेने के लिए उमड़ी भीड़ को देखकर जिला निर्वाचन को भी अपनी तैयारियां करनी पड़ गई थी।

### खास बातें

- कुल 244 लोगों ने लिए थे लोकसभा नामांकन के फार्म
- दाखिल किए गए फार्म की आज जांच
- 8 अप्रैल को जारी होगी प्रत्याशियों की अंतिम सूची



**इन्होंने भरा नामांकन** : कांग्रेस भूपेश बघेल, भाजपा संतोष पांडे, नारद निषाद शक्ति सेना, ललिता कंवर हमर राज पार्टी, बसंत मेश्राम बहुजन मुक्ति पार्टी, देवलाल सिन्हा बसपा, नरेश मोटघारे जीजीपी, रमेश राजपूत भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, लखन सिंह टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, श्रीकांत कसेर लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, रामफल पाटिल न्याय धर्म सभा के अलावा निर्दलीय रूप से दाऊ सिंह चौहान, गजेंद्र साहू, सचिदानंद कौशिक, सुखदेव सिन्हा, एएच सिद्दीकी, विशेष धमगए, त्रिवेणी पदौती, रेखचंद मंडले, महेंद्र साहू, भुवन साहू, अजय पाली, रमेश यादव ने नामांकन दाखिल किया है।

### क्यों फेल हुआ प्लानः विधायकों ने नहीं दिया साथ, संगठन के नेताओं को नहीं दी जिम्मेदारी

बैलेट से चुनाव कराने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा 385 लोगों से नामांकन दाखिले की रणनीति के फेल होने से कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है। कांग्रेस के रणनीतिकारों द्वारा हर विस से 25 नामांकन दाखिल कराने का टारगेट दिया गया था, लेकिन बुधवार को सिर्फ दो सीट से ही लोग यहां भेजे गए। हालात यह भी निर्मित रहे हैं कि प्लान के फेल होते देख रणनीतिकारों ने नेताओं को लगातार फोन किया, लेकिन कुछ ने रिसीव ही नहीं किया। वहीं कुछ ने हाथ खड़े कर दिए। बताया जाता है कि नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के शुरू होने के साथ ही कांग्रेस में गुपचुप तरीके से यह रणनीति तैयार की गई थी। इस रणनीति में जिले के दो नेताओं को ही विश्वास में लिया गया था। भिलाई में आहूत एक बैठक में विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों को बकायदा टारगेट भी दिया गया। बताया जाता है कि जिला कांग्रेस ने 100 लोगों का नामांकन दाखिल करने का ऐलान भी किया था, लेकिन जब बारी फार्म लेने और जमा करने की आई तो जिले के नेताओं ने ही हाथ खड़े कर दिए। यही कारण है कि पूर्व सीएम का आह्वान राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में सफल नहीं हो पाया।

### प्रशासन ने की थी नामांकन की तैयारी

इतनी बड़ी संख्या में लोगों के नामांकन लेने के बाद जमा करने के लिए पहुंचने वाले लोगों को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी, परन्तु ऐसा नहीं हुआ। नामांकन दाखिले के अंतिम दिन गुरुवार को सिर्फ 6 नामांकन ही जमा हुए। वहीं पूरी प्रक्रिया के दौरान कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। जबकि नाम निर्देशन पत्र यानि नामांकन पत्र लेने वाले 231 लोग उसे जमा करने ही नहीं पहुंचे।

### अब नाम वापसी के लिए मिलेगा समय

28 मार्च से चार अप्रैल तक चली नामांकन दाखिले की प्रक्रिया अब थम गई है। अंतिम समय से पहले तक कुल 13 नामांकन जमा हुए हैं। अब शुक्रवार को इन नामांकन फार्म की स्क्रूटनी यानि जांच की जाएगी। जिसके बाद आठ अप्रैल तक नाम वापसी का भी समय दिया जाएगा। आठ अप्रैल को ही नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शेष उम्मीदवारों के मध्य चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा।



रोड शो में दिखा उत्साह

# नामांकन बाद सभा फिर शहर में निकला रोड-शो

## सीएम सहित दोनों डिप्टी सीएम रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड मतो से सांसद बनाकर दिल्ली भेजना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं की मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और वे कुछ भी बोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज यहां भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के नामांकन रैली में शामिल हुए। इस दौरान शिवनाथ वाटिका में संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंची कार्यकर्ताओं को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी 10 साल से देश के प्रधान सेवक बनकर काम कर रहे हैं। दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। 140 करोड़ भारतवासी के मान-सम्मान दुनिया में बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास उनका मूलमंत्र है। वे सबके लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताअें से आह्वान किया कि लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड मत से सांसद बनाकर भेजना है। श्री पांडे पूर्व में भी सांसद के रूप में नांदगांव की समस्याओं को लोकसभा में उठाते रहे हैं।

### नेताओं ने किया चार्ज

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरूण साव ने भी संबोधित किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भरपूर आशीर्वाद देने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। रैली से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा नेता नारायण चंदेल, प्रदीप गांधी, ईश्वर साहू, भावना बोहरा, विनोद खांडेकर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता खूबचंद पारख, अशोक शर्मा, मधुसूदन यादव, दिनेश गांधी, भरत वर्मा, विक्रांत सिंह, रेखा मेश्राम, गीता घासी दास, सचिन बघेल, संजीव शाह, नीलू शर्मा सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### महंत का पीएम पर बोलना शोभा नहीं देता

*श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेसी नेताओं ने क्या-क्या गाली नहीं दिया। अभी नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत कहते हैं कि भूपेश बघेल ही प्रधानमंत्री के सिर पर लाठी मार सकता है, उनका सिर फोड़ सकता है। महंत का ऐसा बोलना शोभा नहीं देता, हम सब मोदी के परिवार हैं, इनमें हिम्मत है तो पहले हमें लाठी मारकर दिखाए।*

### कांग्रेस ने पांच साल में वादा पूरा नहीं किया

श्री साय ने कहा कि कांग्रेस को सबक सिखाना है, कांग्रेस ने पांच साल जनता को ठगकर राज किया। जनता ने उन्हें बड़ा जनादेश दिया, लेकिन 5 साल में एक भी वादा पूरा नहीं किए, जनता को धोखा दिया, ठगने का कार्य किया। भ्रष्टाचार अपराध का प्रदेश गढ़ बन गया था। दुर्भाग्य है 5 साल सीएम रहे उन पर एफआईआर हुआ। भूपेश बघेल पर महादेव एप मामले में प्रोडेक्शन मनी के रूप में 508 करोड़ रुपए खाने का आरोप है।

# विवाहिता से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

एक विवाहिता को बाईक में जबर्दस्ती अपने साथ ले जाकर कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 1 अप्रैल को घुमका थाना अंतर्गत एक विवाहित महिला को आरोपी खोमलाल साहू निवासी जुरलाखुर्द थाना घुमका, जो झाड़ फूंक का काम करता है, के द्वारा रात्रि में पीड़ति के घर के बाहर आकर पीड़ति को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता को जबर्दस्ती मोटर साइकिल में बिठाकर अपने साथ भगा ले जाकर मोहारा चौकी क्षेत्र के एक गांव में अपने परिचित के घर ले जाकर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। उसके बाद पीड़ति वहां से वापस आकर 3 अप्रैल को थाना घुमका में लिखित आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया था।

घुमका पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते तत्काल आरोपी खोमलाल साहू के बारे में जानकारी लेकर उसका लोकेशन ग्राम खुर्सीपार में होने की पुष्टि होने पर अविलंब 3 अप्रैल को ही एफआईआर के एक घंटे के अंदर पुलिस आरोपी के ठिकाने ग्राम खुर्सीपार पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर 4 अप्रैल को गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक उइके, आरक्षक गौतम सिंह, अशोक यादव, महिला आरक्षक पूजा रेकवार, नगर सैनिक रामरतन सुतांडे एवं साइबर सेल से हेमंत साहू की भूमिका सराहनीय रही।

### माय एंगल




# कांग्रेसियों के घर उड़नदस्ता टीम ने दी दबिश

**छुरिया।** निर्वाचन आयोग के उड़नदस्ता की टीम ने नगर में स्थित एक कांग्रेसी नेता के घर पर दबिश दी, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेसियों का जमावड़ा लगा हुआ था।

एकाएक निर्वाचन अधिकारियों के पहुंचने से कांग्रेसी नेता भी सकते में आ गए, जहां अधिकारियों ने उन्हें भीड़ अधिक होने पर आचार संहिता एवं धारा 144 का उल्लंघन करने एवं चुनावी बैठक की अनुमति नहीं होने पर पंचनामा कार्रवाई की है। जिसके बाद कांग्रेसियों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग की उड़नदस्ता टीम ने छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र सीमा में सतत निगरानी कर हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसी आधार पर निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार विजय कोठारी एवं उनकी टीम को शिकायत मिली थी कि बगैर अनुमति के ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन के निज निवास में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं सहित आमजनों की भारी भीड़ लगी हुई है। तत्काल निर्वाचन की टीम ने वहां दबिश दी। इस बारे में कांग्रेसी नेताओं से पूछताछ करते हुए बैठक की अनुमति मांगी गई, जहां संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तहसीलदार कोठारी ने उन्हें आचार संहिता का उल्लंघन एवं धारा 144 का हवाला देते हुए मौके स्थल पर पंचनामा की कार्रवाई की है।

### डोंगरगढ़ में भी कार्रवाई

डोंगरगढ़ शहर में भी कुछ कांग्रेस नेताओं के घर और कार्यालय में निर्वाचन आयोग की टीम ने दबिश दी है। बताया जाता है कि यहां भी धारा 144 के उल्लंघन की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है।

## कल कवर्धा आएंगे गृहमंत्री अमित शाह, जनसभा लेंगे

# हर गांव तक पहुंचने की कवायदः दोनों प्रत्याशी रोजाना करेंगे दर्जनभर गांवों का चुनावी दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नामांकन की प्रक्रिया पूरी होते ही अब भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने अधिक से अधिक गांव तक पहुंचने की कवायद शुरू कर दी है। आज पूर्व सीएम व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जहां राजनांदगांव ब्लॉक के दो दर्जन गांव का दौरा करने वाले हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भी आज संसदीय क्षेत्र के दो दर्जन गांव में अपना प्रचार अभियान आगे बढ़ाएंगे।

दोनों ही प्रत्याशी इन गांव में पहुंचकर लोगों के बीच अपनी बातें पहुंचाने का काम करेंगे। सुबह से शुरू होने वाला इन प्रत्याशियों का दौरा देर रात तक चलने वाला है। दोनों ही दल के संगठन ने भी प्रचार अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सभी ब्लॉक नेताओं को जिम्मा सौंप दिया है।



### भाजपा प्रत्याशी का इन गांव में दौरा

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भी आज धुंआधार प्रचार करने वाले हैं। वे सुबह 10 बजे मिनमिनिया मैदान से प्रचार का आगाज करेंगे। इसके बाद घोंघा, खैराबना, खुर्सीपार, जैताटोला, सुकवापारा, मंडलाटोला, बोड़ला, बर्घरा, सारंगपुर, लोहझरी, राम्हेपुर, नाउडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, अमलीडीह, मोटीयारी, मजगांव, सैगोना के बाद अंत में रात 9 बजे समनापुर ग्राम प्रचार के लिए पहुंचेंगे।

### इन गांव में पहुंचेंगे पूर्व सीएम भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश बघेल आज अपना प्रचार अभियान सुबह 10 बजे तिलई ग्राम से शुरू करेंगे। इसके बाद वे पद्मुमतरा, खैराझिटी, डुमरडीह, कलडबरी, बरगाही, उपरवाह, मुड़पार, सलौनी, चारभाठा, बिरेझा, जराही, मोहंदी, बिजेतला, ईरईकला, ईरईखुर्द, पटेवा, मासूल, जुरलाखुर्द, भैंसातरा, सहसपुर दल्ली, गोपालपुर, सिंगारपुर, ठेलकाडीह, डुमरडीह के बाद अंतिम रात साढ़े 8 बजे रेंगाकठेरा ग्राम पहुंचेंगे।



## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीतेगी चुनाव



**सड़क अतरिया।** भाजपा के विधानसभा प्रभारी कोमल जंघेल ने खैरागढ़ सहित सभी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत का दावा किया है। उनका दावा है कि कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा इस बार रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उनका कहना है कि एक दशक से जनता मोदी सरकार के कार्यों एवं नेतृत्व से संतुष्ट है। केन्द्र के जन कल्याणकारी योजना से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि आम जनता इस बार भी भाजपा उमीदवार संतोष पांडेय के सिर पर विजयश्री का ताज पहनाने आतुर है।

### परीक्षा में नकल कराने का आरोप

**अर्जुनी।** प्राथमिक शाला किरगी ब के अध्यक्ष मामेश साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष भोलाराम पटेल ने प्राथमिक शाला के एक शिक्षक पर परीक्षा में नकल कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने गत एक और दो अप्रैल को निरीक्षण किया तो शाला में पदस्थ एक शिक्षक को नकल करवाते पाया। जिसे नकल नही कराने की समझाईश दिया गया। इसी कड़ी में जब वह पुनः निरीक्षण करने पहुंचे तो शिक्षक ने स्कूल के अंदर जाने से मना कर दिया। इस संबंध में जब उन्होंने बीईओ से घटना की जानकारी दी तो उन्होंने भी आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन है। नकल कराने वाले शिक्षक पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया गया।

### नामांकन रैली में शामिल हुए कार्यकर्ता

**डोंगरगढ़।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की नामांकन रैली में शामिल होने के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता राजनांदगांव गए। अब की बार 400 पार, फिर इस बार मोदी सरकार के नारे लगाते कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह देखने मिला। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं संगठन के पदाधिकारियों की टीम कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते रहे।



### अफसर ने कार्यक्षेत्र से बाहर बताया तो इंजीनियर ने की पुष्टि

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के माध्यम से पुराने नेहरू महाविद्यालय में कराए गए विकास कार्यो में अब गडबड़ी सामने आने के बाद महाविद्यालय एवं नगर पालिका नजर अंदाज कर रहे है। इस संबंध में हरिभूमि से चर्चा करते हुए नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने नेहरू महाविद्यालय के पालिका क्षेत्र में नही होने के हवाला दिया था जबकि इंजीनियर रितेश स्थापक ने नगर पालिका के माध्यम से निर्माण होने और सामानों की खरीदी होने की पुष्टि किया है। उन्होने बताया कि जन प्रतिनिधियों की मंशा अनुरूप नेहरू महाविद्यालय में पालिका के माध्यम से कार्य कराया गया है किन्तु वह नगर पालिका के हेण्डओवर नहीं है। वर्तमान में देखरेख की जिम्मेदारी नेहरू महाविद्यालय की है। उन्होने यह भी बताया कि सुधार व मरम्मत को लेकर पालिका को जिम्मेदारी दी जाती है तो उसका सुधार अवश्य कराया जाएगा।



### निरीक्षण में नहीं मिले कई कर्मचारी



**डोंगरगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रकात शर्मा ने 3 अप्रैल को आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें स्वच्छता विभाग के 5 नियमित एवं प्लेसमेंट के 16 कर्मचारी नदारत मिले। इन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 1 दिन का वेतन कटौती करने की कार्यवाही की गई। कर्मचारियों से 3 दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### स्वर्ग रथ का लोकार्पण 9 को

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति एवं श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट रायपुर के तत्वावधान में नवनिर्मित स्वर्ग रथ का लोकार्पण एवं पूजन का कार्यक्रम नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल को आयोजित किया है। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सेक्सरिया, जयदेव सिंघल, प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू और अशोक मोदी, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील राम अवतार अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



### छात्र-छात्राओं ने किया आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के भौतिक शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन तथा भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार तथा वासुदेव साहू के निर्देशन में संपन्न हुआ। छात्रों ने संस्थान के 6 व्यवसाय का भ्रमण किया। प्राचार्य एमएल बंजारे के निर्देशन में सभी व्यवसाय का भ्रमण किया गया। छात्र-छात्राओं ने इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फिटर, कोपा, इंस्टुमेंट और डीजल यांत्रिकी की जानकारी प्राप्त किया। विद्यार्थियों को आर्क वेल्डिंग, हाइड्रोलिक ड्रिल मशीन, फैन वाइंडिंग, कंप्यूटर, डीजल इंजन, ग्लाइंडर मशीन आदि के बारे में बताया गया।



### कर्मचारियों का नियमितीकरण भी सालों से लंबित

# मार्कफेड़ के कर्मचारियों का शोषण, कम वेतन पर ज्यादा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मार्कफेड के कम्प्यूटर आपरेटर, सहायक प्रोग्रामर का लगातार शोषण किया जा रहा है। राज्य शासन ने 2007-08 में धान खरीदी कार्य को कम्प्युटरीकृत करते हुए कम्प्यूटर आपरेटर, सहायक प्रोग्रामर एवं प्रोग्रामर की भर्ती किया था। सभी के कुशलता पूर्वक धान खरीदी करने प्रदेश सरकार को कृषि कर्मठ पुरस्कार मिल चुका है, किन्तु यह पुरस्कार दिलाने वाले कर्मचारी अब तक नियमित नहीं हो सके हैं।

जानकारी के अनुसार जिला विपणन अधिकारियो द्वारा मार्कफेड़ में धान खरीदी कार्य हेतु भर्ती किए गए कम्प्यूटर आपरेटरो को अन्य विभाग जैसे नागरिक आपुर्ति निगम, पंजीयक/संयुक्त पंजीयक/उप पंजीयक सहकारी संस्थाओ में अटैच कर कार्य कराया जा रहा है। इन विभागो के नियमित कम्प्यूटर आपरेटरों को 30 से 45 हजार तक वेतन मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ मार्कफेड़ के कम्प्यूटर आपरेटरों को वर्तमान में 18420 रूपए दिया जा रहा है वह भी 8 से 10 घंटे कार्य करने के बाद । प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं आपरेटरों का 2007 से अक्टुबर 2023 तक पीएफ खाता तक मार्कफेड़ ने नहीं खोला था, जिसके बाद कर्मचारियों ने बिलासपुर हाईकोर्ट मे याचिका दायर किया था। न्यायलाय के आदेश पर अक्टूबर 2023 में पीएफ खाता खोला गया। पीएफ खाते में प्रथम नियुक्ति दिनांक में भी धांधली किया गया है। कुछ कर्मचारी 10 अगस्त 2007 से कार्यरत है जिन्हे पीएफ खाता में जनवरी 2008 एवं 2009 से कार्यरत होना दर्शाया गया है। अधिकांश के खाते में कम राशि जमा किया गया है।

#### वेतन वृद्धि में कोताही

जॉबदर पर कार्यरत कर्मचारियों का 2007 से वेतन निर्धारण संविदा कर्मचारी के वेतन के आधार पर किया जाता है किन्तु वेतन वृद्धि के लिए मार्कफेड दलालों के माध्यम लाखों की मांग किया जाता है जिसकी पूर्ति होने पर ही संविदा के वेतन को आधार पर वेतन वृद्धि किया जाता है। वर्तमान मे हालात यह है कि जॉबदर एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियो के मासिक वेतन के भुगतान के लिये मार्कफेड़ के जिला विपणन अधिकारियों द्वारा कर्मचारियो के पेमेंट एवं व्यय हेतु जो डिमांड भेजा जाता है है उसमे 10 प्रतिशत कमीशन की मांग किया जाता है। मार्कफेड़ के दैनिक वेतन भोगी एवं जॉबदर कर्मचारियों को 6 से 8 माह तक का वेतन नहीं भुगतान किया गया है।

#### घट रहा वेतन

जानकारी के अनुसार धान संग्रहण केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियो को नो वर्क-नो पेमेंट कहकर मौखिक रूप से निकालने कहा गया है। महासमुंद जिले में संग्रहण केन्द्र मे कार्यरत कर्मचारियो का डिमोशन करते हुए दैनिक वेतन भोगी में परिवर्तित किया जा रहा है। उनका वेतन 18420 से घटकर 11530 हो गया है। कर्मचारियों के शोषण को देखते हुए छत्तीसगढ़ अपाक्स संघ के प्रांताध्यक्ष सत्येन्द्र देवांगन ने छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग और श्रम आयुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## आंगनबाड़ी भवन जर्जर नए का निर्माण नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में बीते तीन साल से आंगनबाड़ी केन्द्र बिना भवन के चल रहा है। खैरा का आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 काफी जर्जर हो गया है। बीते तीन साल से अतिरिक्त भवन में कक्षा संचालित किया जा रहा है। बीते तीन साल में पंचायत प्रस्ताव तैयार कर कई दफा जनपद एवं जिला स्तर पर भेजकर नवीन आंगनबाड़ी भवन का मांग किया है पर अब तक न ही पुराने भवन की मरम्मत हो पाई है और न नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण हो पाया है। केन्द्र में वर्तमान में लगभग 35 बच्चे है। समय समय पर गर्भवती महिला, किशोरी बालिकाओं की कार्यशाला आयोजित किया जाता है। वैकल्पिक भवन में लग रहे आंगनबाड़ी केन्द्र में पर्याप्त सुविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग की है।

## लक्ष्य सामने रखकर चुनाव में कार्यकर्ता करें मेहनत : यदु



**डोंगरगांव।** भाजपा मंडल के अधीन आने वाले सांगिनकछार, तिलईरवार, कोहका में विभिन्न शक्तिकेन्द्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी चुन्नी यदु, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश पाण्डेय शामिल हुए। बैठक में श्री यदु एवं श्री पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के निर्धारित लक्ष्य को साधने के लिए दिशा निर्देश दिया। उन्होंने विधान सभा चुनाव से अधिक मतदान पार्टी के पक्ष में कराने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने निर्देशित किया। श्री हिरवानी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए आगामी 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान पार्टी के पक्ष में कराने की अपील की। बैठक में बीरेंद्र चंद्रवंशी, मनोहर वर्मा, सागर वर्मा, तुलेश वर्मा, जितेंद्र सिन्हा, पुरुषोत्तम यादव, लोमस नेवला, सीताराम सिन्हा, गणपत सिन्हा, दिलीप तिवारी, रुखम चन्द्रवंशी, गणेश जगनायक, फगवा यादव, मोहन सिन्हा, सुकदेव, मोरध्वज चन्द्रवंशी, मंथिर, चमन वर्मा, तिलेश यादव, रेखना वर्मा, मनोहर साहू मौजूद थे।

# बिना काम के कर दिया भुगतान

### सड़क मरम्मत में चल रहा बड़ा खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक निर्माण विभाग द्वारा डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग में सड़क संधारण एवं मरम्मत कार्य चहेते ठेकेदार के माध्यम से कराया गया है। सडक मरम्मत कार्य कागजों में ही पूरा कर बिल भुगतान कर दिया है। उक्त कार्य का वर्क आर्डर जारी होने से भुगतान होने तक किसी भी इंजीनियर को इस काम को देखने का दायित्व नहीं दिया गया था। अधिकारी ने अपने पॉवर का उपयोग करते हुए स्वयं ही मूल्यांकन करते हुए अनियमितता की अनदेखी कर भुगतान कर दिया है। अछोली से बढईटोला सड़क के जर्जर होने पर आए दिन दुर्घटना हो रही है। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ से बढईटोला तक सड़क मरम्मत के लिए 25 लाख स्वीकृत हुए थे। अधिकारियों ने राजनांदगांव के एक ठेकेदार से यह कार्य करवा दिया। जनवरी में शुरू हुए इस कार्य का भुगतान फरवरी में दिया गया जबकि मौके पर मरम्मत के नाम पर केवल डामर की हल्की परत चढ़ाया गया है। मोहारा से बढ़ईटोला तक सड़क अब भी जर्जर स्थिति है। लोगों ने बताया कि अधिकारियों ने 5 से 6 लाख खर्च कर शेष राशि का दुरूपयोग किया है।



#### मुख्यालय में नहीं रहते अफसर

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी वाहन किराया और ईंधन के नाम भी राशि का दुरूपयोग कर रहे है। विभाग के अधिकारियों के लिए मुख्यालय में भवन बनाया है किन्तु अधिकारी मुख्यालय में नहीं रूकते और सप्ताह में आधे से ज्यादा दिन कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नही कराते । अधिकारियों के बंगलों का न दरवाजा खुलता और न सफाई होती है। अधिकारियों ने अछोली में बने क्वाटर एलाट करा लिया था। मकान में नहीं रहने की शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी ने एलाटमेंट समाप्त करने की हिदायत दी थी।

## बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प



**छुरिया।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने वनांचल के शक्ति केन्द्र में बैठक लेकर भाजपा को अधिक से अधिक मतों जिताने का आह्वान किया। श्री साहू ने बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि महज पांच वर्ष में भूपेश सरकार से त्रस्त होकर जनता ने पुनः भाजपा पर विश्वास जताया है। भाजपा सरकार ने किसानों को दो साल का बोनस, धान का 3100 रुपए और महिलाओं को 1000 रूपए दिया है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में राजनाँदगाँव को घोर उपेक्षा किया। बैठक में हनुमान दास साहू, कार्तिक कंवर धालचंद मेश्राम, थनवार मंडावी, गणेषु सिन्हा, शिव बल्हारे, कैलाश ऊके, घनश्याम यादव, अम्बे निषाद, नारायण साहू, सुखचंद कंवर उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं विशाल शोभा यात्रा का आयोजन कल 5 अप्रैल को 11 बजे से श्यामपुर में किया गया है।

समाज के सह सचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने गांव-गांव में बैठक लेकर प्रचार प्रसार किया गया है। कल 5 अप्रैल को 11 बजे से श्यामपुर के सामाजिक भवन से भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ होगा। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा छुईखदान के जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, जैन मोहल्ला होते हुए वापस सामाजिक भवन पहुंचेगी। यहां समाज के पदाधिकारी द्वारा भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का समापन महाप्रसादी के साथ होगा।

## कुंडलपुर पहुंचे मुनिश्री सुधा सागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ आचार्य पदारोहण समारोह 16 को

सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में आगामी 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पदारोहण समारोह में शामिल होने के लिए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्यों को पहुंचना लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को तीर्थोद्धारक निर्यापक मुनि पुंगव श्री सुधा सागर महाराज ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। मुनिश्री की अगवानी में देशभर से श्रद्धालु जुटे। अगवानी के दौरान ज्ञानोदय परिवार नारेली से सुसज्जित रथ गुरुवर हमको तारों राजस्थान पधारो का अलख जागता हुआ चल रहा था। शिव शक्ति डमरू पार्टी सागर एवं मुगावली बैंड पार्टी आकर्षण का केंद्र रही। मीडिया प्रभारी जयकुमार जैन ने बताया कि कुंडलपुर प्रवेश पर पूर्व से विराजित निर्यापक मुनि प्रसादसागर, निर्यापक मुनि अभय सागर, निर्यापक मुनि संभव सागर, मुनि प्रमाण सागर, मुनि प्रभात सागर, मुनि श्री चंद्रसागर, मुनि श्री प्रणम्यसागर, मुनि आनंद सागर, मुनि निर्णय सागर, मुनि अजितसागर, मुनि विनम्रसागर, मुनि श्री विशदसागर, मुनि श्री विराटसागर, आर्यिकारत्न तपोमती माताजी, आर्यिका ऋजुमति माता, आर्यिका श्री चिंतनमति माता, आर्यिका सौम्यमति माता ससंघ आदि का अभूतपूर्व मंगल मिलन हुआ।

### केन्द्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

# गांव पहुंचे बघेल, किया सघन जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नामांकन दाखिले के बाद कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गाँवो में दस्तक देना शुरू कर दिया हैं। बुधवार को श्री बघेल ने छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले करीब एक दर्जन गॉव पहुंचकर चुनावी सभाओ को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा को लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताते हुए कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की रीढ़ है जिसे भाजपा सरकार बदलने की बात कह रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम पांगरीकला, उमरवाही, गोड्लवाही, जोंधरा, आयबांधा, बोरूटोला, मरकाकसा, बड़गांव, बरबसपुर, संबलपुर आदि गांव में जनसंपर्क किया। इस मौके पर राशन कटौती का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल दे रही थी। सभी हर महीने 35 किलो चावल मिलता था जिसमें कटौती कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट बनाने का अवसर दिया था। भूमिहीन श्रमिकों को 7000 सलाना दिया जा रहा था जिसे इस सरकार ने बंद दिया है।



#### मजदूरों को मिलेगी 400 रुपए रोजी

श्री बघेल ने मतदाताओं से कांग्रेस की सरकार बनाने का मौका देने का आव्हान करते हुए कहा कि सरकार बनने पर मनरेगा के मजदूरों को प्रतिदिन 400 रूपए की दर में मजदूरी दिया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं को एक लाख साल दिया जाएगा। सभा को विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रकाश यादव, जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू, सीमा यादव, तरुण सिन्हा, कुमर्दा इंका अध्यक्ष अब्दुल खान, कान्ति भंडारी, उर्मिला साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### पेजल का नवोदय में चयन



**मुरमुंदा।** पटपर निवासी कनक राम साहू के पुत्री पेजल साहू का चयन जवाहर नवोदय डोंगरगढ में प्रवेश के लिए हुआ है। पेजल ने परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर स्कूल एवं माता पिता का नाम रोशन किया है।

### नामांकन रैली में शामिल हुए कोमल



**सड़क अतरिया।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने गुरुवार को शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में भाजपा कार्यकर्ता के अलावा आम लोगों बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मतदान करने का लिया संकल्प



**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा संकुल केन्द्र सुरगी के 32 छात्र-छात्राओं के आग्रह पर उनके माता-पिता एवं पालकों ने लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अनिवार्यतः अपने- अपने मतदान केंद्रों तक जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प पत्र 4 अप्रैल को भरा। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए इस संकल्प को भरवाने में प्रधान पाठक राकेश सोनी, शिक्षकगण किशन कुमार, लेमत भुआर्य की सहभागिता रही।

### उदित का चयन



**डोंगरगढ़।** लमानीनभांटा निवासी उदित पिता डीएस चंद्रवंशी माता उतरा चंद्रवंशी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। उदित का चयन शहरी सीट से हुआ है। उदित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षक जितेंद्र चौरे को दिया है। उसे केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य, शिक्षक एवं परिजनों ने बधाई दिया है।

### बच्चों को कराया न्यौता भोज



**राजनांदगांव।** समाजसेवक संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी संजीव सिंघल ने सिंघोला संकुल के महाराजपुर के प्राथमिक शाला में बच्चों को न्यौता भोज कराया। श्री सिंघल ने न्यौता भोज में बच्चों को चीकू फल वितरित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष पोखनलाल साहू ने चना-मुर्रा वितरण किया। इस दौरान शाला की प्रधानपाठिका दिव्या जैन, शिक्षकद्वय ओमप्रकाश साहू, शीला कुरेटी एवं रसोईया अनुसुईया साहू व उषा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### रामकृष्ण पाडुरंग कालेश्वर



**राजनांदगांव।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार रामकृष्ण पाडुरंग कालेश्वर का दोपहर को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 5 अप्रैल को भरकापारा स्थित उनके निवास स्थान से सुबह 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र कार्तिक और राहुल एवं चार पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### मोहारा और मोहड़ इलाके में आयुक्त ने किया दौरा

# आयुक्त ने निर्माणाधीन विकास कार्य व सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता गुरुवार को वार्ड नं. 47 मोहारा एवं वार्ड नं. 49 मोहड में सुबह भ्रमण कर अधिकारियों के साथ दोनों वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था देखे। उन्होंने बंद निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयुक्त श्री गुप्ता मोहारा एवं मोहड में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर मोहारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण प्रतिदिन करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश सेंटर प्रभारी को देते कहा कि खाद विक्रय के लिए कृषकों एवं फार्म हाउस वालों से संपर्क कर खाद विक्रय करें। उन्होंने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा से कहा कि गर्मी में संक्रामक बीमारी को ध्यान में रखते साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नाली-नालों की नियमित सफाई कराएं, समय-समय पर दवा का छिड़काव करें, लोगों को साफ-सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईश दें।

निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता पिंकी खाती, उप अभियंता तिलक राज ध्रुव व जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

### बंद कार्य शीघ्र चालू कराने के निर्देश

विकास कार्य निरीक्षण के दौरान मोहारा मेला स्थल में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर स्वागत द्वार, मंच, एप्रोज रोड, शौचालय निर्माण आदि के बंद कार्य अतिशीघ्र चालू कराने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देशित किया। इसी प्रकार मुक्तिधाम उन्नयन, मोहड में सामुदायिक भवन एवं नाला निर्माण कार्य का जायजा लेकर काम में तेजी लाने, पानी तराई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होली के समय से बंद कार्य जल्द प्रारंभ कराएं, कार्य प्रारंभ नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करें। साथ ही उप अभियंता प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग करें, पेयजल संबंधी समस्या या शिकायत का स्थल निरीक्षण कर निराकरण कराएं।

# राष्ट्र निर्माण का चुनाव है लोकसभा : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

घोटिया में पांडादाह मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के होली मिलन समारोह में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, सह-प्रभारी भागवत शरण सिंह, मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, सुनील जैन सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का चुनाव है इसलिए हमें कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरना है। खासकर पांडादाह मंडल से हमें जीत का नया कीर्तिमान स्थापित करना है। श्री भारती ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं का पिटारा खोला है। इस दौरान जनपद सदस्य तोप सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिसेसर साहू, संतोष देवांगन, कमलेश्वर सिंह भदौरिया, संजय यदु, पिंटू साहू, लाल राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, गौस मोहम्मद, शिवम योगी, कौशल साहू, विनोद साहू सहित अन्य मौजूद रहे। समारोह का संचालन खुमान देशलहरा ने किया।

### आर्थिक मोर्चों पर मिलेगी मजबूती

विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने कहा कि यह चुनाव हम सभी को नए संकल्प के साथ लड़ना है और इस जीत के साथ 400 के लक्ष्य को प्राप्त कर सशक्त बहुमत वाली सरकार बनानी है। सह प्रभारी भागवत शरण सिंह ने कहा कि सांसद संतोष पांडेय के कार्यकाल की 2 बड़ी उपलब्धियों के साथ आने वाले वर्षों में पांडादाह मंडल आर्थिक विकास के नए मोर्चों पर अग्रसर नजर आएगा जिसमें डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन से विकास का नया रास्ता खुलेगा। वहीं मध्यप्रदेश के रजेगांव से जंगल गातापार होते हुए राजधानी तक बनने वाली ग्रीन फील्ड वे सड़क निर्माण से राजनांदगांव की तरह यह पूरा क्षेत्र भी आर्थिक विकास की ओर आगे बढ़ेगा। पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने कहा कि संगठित होकर लड़ेंगे तो निश्चित तौर पर पांडादाह मंडल से अधिक वोटों की लीड मिलेगी। लोकसभा चुनाव में केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे।

# सह साधन प्रावीण्य परीक्षा में चयनित बच्चों का किया सम्मान



**खैरागढ़।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक संगठन द्वारा बैहाटोला की राष्ट्रीय सह साधन छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाली चारों छात्राओं रेशमा कुंजाम, दीप्ति वर्मा, हिना वर्मा, ख़ुशबू कुंजाम सहित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह और महासचिव ईश्वर जोशी के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष रानी राजलक्ष्मी तिवारी व संगठन सदस्यों द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना साथ प्रतीक चिंह भेंट किया गया। इस दौरान संगठन उपाध्यक्ष प्रतिभा मिश्रा, सचिव अन्जू शर्मा, प्रपा किशोर कुमार शर्मा, कल्याण दास वर्मा,सत्य कुमार घावड़े, संतोषी वर्मा, तीरथराम साहू, दिनेश कुमार चंदेल सहित परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष सहयोग देने वाले विजय कुमार वर्मा और रूपेश कुमार निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव में जीत की बनी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

■ विभिन्न शक्ति केन्द्रों में बैठक आयोजित

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा संगठन के निर्देश पर छुईखदान मंडल के विभिन्न शक्ति केन्द्रों मे बैठक आयोजित कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को जीत दिलाने की योजना बनाया गया।

बैठक मे शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रभारी शामिल हुए। शक्ति केंद्र उदयपुर में नीलू शर्मा, पद्मावतीपुर, दनिया, बुंदेली की बैठक में पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए। छुईखदान नगर शक्ति केंद्र मे प्रेमनारायण, साल्हेकला में पुरन जंघेल, रोड अतरिया में नेतराम जंघेल, संडी में प्रकाश जंघेल, कानीमेरा गातापार में भावेश कोचर, घिरघोली मे रोहित जंघेल, ओटेबंद में अवध जंघेल, झुरानदी में आंनद सिन्हा, दिलीप वैष्णव, लक्ष्मणपुर में कृष्णा कांत महोबिया, गोपालपुर नेतराम जंघेल, नरेश वर्मा, बीरुटोला प्रदीप श्रीवास्तव, शाखा में आशीष जैन ने बैठक लिया।



# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

मतदाता जागरूकता अभियान तहत मतदान हमारा अधिकार है, करेंगे शत-प्रतिशत मतदान का नारा देकर मतदान केन्द्र में जाकर अपना वोट डालने ग्राम पंचायत देवरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राथमिक शाला शिक्षक राजेश कुमार प्रजापति ने बताया की लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में शिक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनरेगा कार्य स्थल पर जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। पंचायत सचिव नाजनीन नियाजी ने लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखनें, स्वतन्त्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संकल्प दिलाया। शिक्षक व छात्र- छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान तहत आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान के महत्व पर चर्चा किया गया। इस दौरान संतोष कंवर, जसवंत उके, शिक्षिका सरस्वती वर्मा, रोजगार सहायक रामसुख कंवर, हरलाल केलकर, बीएलओ निराशा चौरे, लक्ष्मी कोसरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मतदान करने किया प्रेरित

**तुमड़ीबोड़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी सहित किसान आदि शामिल हुए। स्वीप संगोष्ठी में अधिकारी, कर्मचारी, किसान एवं जनसामान्य को बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी। लोगों को संसद की भूमिका, कार्य सहित अन्य जानकारियां दी गई। सभी को आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने एवं आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा गया। इस अवसर पर उप आयुक्त सहकारिता शिल्पा अग्रवाल, संतलाल देशलहरे, बीके गणवीर तथा समिति के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# कर्मा जयंती पर आज शोभायात्रा



**डोंगरगांव।** नगर में साहू समाज द्वारा कल शुक्रवार को समाज की अधिष्ठात्री देवी कर्मा की जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। तहसील स्तरीय इस आयोजन में शो भा या त्रा मटिया से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते मटिया स्थित तहसील साहू संघ के भवन में संपन्न होगी।

तहसील सचिव धनराज साहू व नगर सचिव नारायण साहू ने बताया कि ग्राम साहू समाज मटिया, नगर साहू संघ डोंगरगांव, तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम मे डोंगरगांव व खुज्जी विधायक दलेश्वर साहू व भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, संरक्षक डॉ. निरेन्द्र साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू व शैलेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य इंदुमति साहू, संध्या साहू, गुलशन हिरवानी, पूर्व अध्यक्ष जीवन साहू, पार्षद रूखमणी साहू व डिकेश साहू, समाजसेवी कौशलराम साहू बतौर अतिथि होंगे। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, नगर अध्यक्ष कौशल कुमार साहू व मटिया के अध्यक्ष नामदेव साहू ने सामाजिकजनों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### इन स्थानों पर भी होगा आयोजन

तहसील के अनेक स्थानों पर लगातार कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की जानकारी मिली है। जिसके अनुसार कल 5 अप्रैल को ही केसला, 6 अप्रैल अर्जुनी, 7 अप्रैल को जोंधरा, बोदेला, सिवनीखुर्द, फरहद, 8 अप्रैल को जामसरार व पांगरी, 9 अप्रैल घोरदा, 11 अप्रैल चांद सुरूज व जारवाही में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है।

# चुनाव के मद्देनजर भाजायुमो प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं को किया चार्ज




■ भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा प्रकोष्ठ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना शुरू कर दिया है इसी कड़ी में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत की मौजूदगी मे लोकसभा चुनाव में लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत सुनिश्चित करने रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष आयश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि जिले से संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाएंगे और पूर्व सीमए भूपेश बघेल को राजनांदगांव से भगाएंगे। प्रदेश मंत्री पीयूष सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा कि अपने अपने जिला पंचायत व जनपद क्षेत्र के हर गांव में वॉल राइटिंग करना है, प्रत्येक मकान दुकान, चौक चौराहों पर भाजपा का झंडा लगाना है और मेरा बूथ सबसे मजबूत स्लोगन का पालन करते हुए बूथ को मजबूत करने मेहनत करनी है।

### लोस के बहाने करें अपने लिए भी तैयारी

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सब खुद को संतोष पांडेय मानकर अपने-अपने क्षेत्र में काम करें इससे आगे चलकर फायदा हो सकता है। आपमे से ही कई साथी आगे सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत का चुनाव लड़ेंगे उसकी भी तैयारी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अपने जिले के हर गांव, गली, मोहल्ले व चौक चौराहों पर युवा चौपाल का आयोजन करना है जहां भाजपा सरकार की उपलब्धि व युवाओं के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करना है। इस दौरान जिला अध्यक्ष कवर्धा मनीराम साहू, केसीजी जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी सहित युवा मोर्चा से शौर्यादित्य सिंह, रवि भवनानी, प्रेम सागर गुप्ता, मिनेश जंघेल, मनजीत सिंह, पीयूष पटेल, ऋषभ सिंह, दिवाकर सोनी, हर्षित सिंह सिद्धार्थ मिश्रा, राकेश वर्मा, सौरभ जंघेल, शैलेश जैन, विक्रांत चंद्राकर, कमलेश साहू, नवीन चंद्राकर, किशन सिलोटिया, विक्की कुर्रे, दुर्वेश वर्मा, मुकेश वर्मा, अनिमेष महोबिया, अनुज साहू, साकेत श्रीवास्तव, अजेन दशरिया, अनीश सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन विधाओं में खिताब सहित 10 पुरस्कार मिला

# लुधियाना में संगीत विवि ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़




पंजाब के लुधियाना मे आयोजित 37 वे अंतर्विश्वविद्यालयीन युवा महोत्सव हूनर हार्वेस्टिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदिरा कला संगीत विवि के स्टुडेंट्स ने शास्त्रीय गायन, तबला और स्पॉट पेंटिंग समेत तीन विधाओं पर टॉप में जगह बनाते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपना नाम स्थापित किया है।

इसी तरह क्ले मॉडलिंग, सुगम संगीत, कथक, लोक संगीत और थिएटर जैसी विधाओं में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ देवमाईत मिंज ने बताया कि लुधियाना के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल यूथ फेस्टिवल हूनर हार्वेस्टिंग में देश के 106 विवि के 2500 से ज्यादा स्टुडेंट्स प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इन सबके बीच संगीत विवि के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमे शास्त्रीय गायन में किशन प्रकाश, तबला वादन में भावना चौहान और स्पॉट पेंटिंग में रितेश साहू ने पहला स्थान प्राप्त कर प्रदेश और शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वही सुगम संगीत में प्रथा रामटेके, फोक आर्केस्ट्रा में लोक संगीत विभाग के समूह ने अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में राहुल रूंझे, कथक में हिमाश्री शर्मा और माइम में थिएटर विभाग के समूह ने बेहतर प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। डॉ. देवमाइत मिंज और डॉ. संदीप किंडो टीम मैनेजर थे। कुलपति, कुलसचिव सहित समस्त अधिष्ठातागण, प्राध्यापकगण, शिक्षकों, संगतकारों, अधिकारी कर्मचारी समेत पूरे विवि परिवार ने उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

न्यायालय तहसीलदार साल्हेवारा
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
रा.मा.क्रं. 202403291400009-ब/121
साकिन- सिंगबोरा वर्ष 2023-2024
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका झुनिया पति बिसाहू जाति बैगा, निवासी ग्राम सिंगबोरा, तहसील साल्हेवारा, जिला खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता सिरदार पिता सुंदर का मृत्यु दिनांक 10/01/2008 को ग्राम पंचायत कोपरो में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/04/2024 या पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अन्यथा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 04/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
साल्हेवारा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार साल्हेवारा
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
रा.मा.क्रं. 202403291400020-ब/121
साकिन- रेंगाखार वर्ष 2023-2024
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत झारिया पिता सतीष झारिया जाति महार निवासी ग्राम रेंगाखार, तहसील साल्हेवारा, जिला खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता सतीष पिता रामनाथ का मृत्यु दिनांक 12/06/2003 को ग्राम पंचायत गोलरडीह में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/04/2024 या पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अन्यथा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
साल्हेवारा (छ.ग.)

## सार समाचार

### कुंजाम के नेतृत्व में 50 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**राजनांदगांव।** कांग्रेस के शहर जिला आदिवासी अध्यक्ष व कांग्रेस मोर्चा के गेमुलाल कुंजाम ने कांग्रेस पार्टी के व्यवहारों से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ा। भाजपा की कार्य कुशलता और देश की विकास देखकर भाजपा का दामन थाम लिया। गेमुलाल ने बताया कि उनके साथ करीब 50 लोगों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। राजनांदगांव शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गेमुलाल कुंजाम के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद संतोष पांडे, जिला संयोजक मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के समक्ष अपनी टीम के साथ भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर संजू सेन, गोविंदा साहू, उमेश साहू, मुकेश साहू, कलाराम निषाद, मोहित ठाकुर, राहुल साहू, फिलेश सिन्हा, रोशन सिन्हा, मंगेश साहू, भूपेंद्र साहू, जतिंद्र साहू, पंकज तिवारी, अनूप चंद्राकर, डोमेंद्र कुमार, रामकुमार साहू, टेकराम साहू, हीरेसिंह, तुषार नेताम, रमन कुमार, दुर्गेश कुमार, सांतुराम, आभाष कुमार, अमित कुमार, समरूराम, बृजराम कुमार, रूपेश नेताम, अनिल कुमार, रमेश कुमार, रामप्रसाद, श्रावण कुमार आदि ने प्रवेश किया।

### बच्चों ने किया न्योता भोज



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला रूवातला में पदस्थ शिक्षिका नीतू वर्मा ने अपने जन्मदिन पर शा.प्रा. तथा माध्यमिक शाला के 250 बच्चों को न्यौता भोजन में इडली व चॉकलेट वितरण किया। बच्चों ने वर्मा मेम को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, बंदिश नेमपांडे, शिक्षक राजेश साव, राजेश पंचभाई, मो. अमीन कुरैशी, राजेन्द्र साहू, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास तथा लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### प्रदेश अध्यक्ष चोपड़ा को लेकर उड़े



**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव व पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय में अपनी भेंट दी व पार्टी कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात कर चुनावी अभियान की जानकारी ली। वे कार्यालय की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इस दौरान नेताओं ने जिला भाजपा के कार्यालय मंत्री व युवा नेता आकाश चोपड़ा के सेवाभावी स्वभाव से प्रभावित होकर उन्हें अपने साथ हेलीकाप्टर में लेकर रायपुर गए।

### सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647044640 है। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647042593 है। इसी तरह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647042836 है। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन से सुबह 9 से 10 बजे तक तथा व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन एवं पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार से सुबह 10 से 11 बजे तक नवीन विश्राम गृह में सामान्य नागरिक निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं शिकायत के समाधान के लिए मुलाकात कर सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव : चुनावी गतिविधियां तेज

# केंद्रीय कार्यालय शुभारंभ के साथ कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव चलते कांग्रेस अपनी राजनीतिक गतिविधियां जहां तेज कर दी है। वहीं संसदीय क्षेत्र में सफल चुनाव संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस ने अपनी तेज चुनावी मंशा जाहिर कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 2 तारीख को ऐतिहासिक नामांकन रैली के पश्चात तुलसी व्यापार विहार जीई रोड़ राजनांदगांव में चुनाव के संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय उद्घाटित करते कांग्रेसजनों को संबोधित करते भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की कुनीति और जनता के प्रति बेसुध जवाबदेही के कारण आज देश में जो महंगाई, बेरोजगारी की हालत निर्मित हुई है। वहीं संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग जगजाहिर है। लोकतंत्र में विपक्ष जरूरी है, लेकिन भाजपा विपक्ष को बर्दास्त नहीं कर पा रही है। भाजपा के इन दमनात्मक नीति के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। लोकसभा के इस चुनाव में हम सब भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान हैं। भाजपा के विरुद्ध इस लोकतांत्रिक युद्ध में केंद्रीय कार्यालय से चुनाव का संचालन किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मांडवी, भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, प्रेमचंद बाफना, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, जितेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी, आफताब आलम, रमेश डाकलिया, ब्लॉक अध्यक्षगण आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दो दर्जन गांव में करेंगे जनसंपर्क

कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 5 अप्रैल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के दो दर्जन इलाकों में जनसंपर्क करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम तिलई में सुबह 10.30 बजे भेंट-मुलाकात से होगी। तत्पश्चात ग्राम पदुमतरा, खैरझिटी, डुमरडीह, कलडबरी, बरगाही, उपरवाह दोपहर 1.30 बजे पहुंचेंगे। तत्पश्चात ग्राम मुढ़पार से सलौनी, चारभाठा, बिरेझर, जराही कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद ग्राम मोंहदी, बिजेतला, ईरईकला, ईरईखुर्द, पटेवा, मासूल, जुरलाखुर्द, भैंसातरा, सहसपुर दल्ली, गोपालपुर पहुंचेंगे। तत्पश्चात सिंगारपुर, ठेकलाडीह, डुमरडीह कला, रंगकठेरा में कार्यक्रम है। उक्त जानकारी देते जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष व घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन पंकज बांधव ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री डॉ. थानेश्वर पटिला, शोभाराम बघेल, विवेक वासनिक, कमलेश्वर वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, गोविंद टंडन, लोकनाथ भारती, शिशुपाल भारती, धीरज मेश्राम, अजय मारकण्डे, अनिल मेश्राम, राजभान लोधी, घुमका सरपंच फुलमती वर्मा, नवीन लुनिया, गोपीचंद गायकवाड़, अश्वनी टंडन, कमल बंजारे, घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी पंकजलाल बांधव, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व त्रि-स्तरीय पंचायती राज, जनप्रतिनिधिगण व समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, अनुसूचित जाति, जन जाति विभाग प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# 9 को बालाजी मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा सर्व हिन्दू समाज, सनातन प्रेमियों, पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक बालाजी मंदिर गंज लाईन में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान हनुमान का सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

छग प्रदेश के सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल को बालाजी मंदिर गंज लाईन से दोपहर 2 बजे निकलने वाली शोभायात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री प्रिंयक सोनी, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, शनिदेव मंदिर शहर अध्यक्ष कमल साहू, शोभायात्रा प्रभारी शिव वर्मा, राजेश शर्मा, हरीश गांधी, महेश अग्रवाल, संतोष हुंका, बिसेन अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, नागेश यदु, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुष्मासिंह, ममता शर्मा, जिलाध्यक्ष ममता सोनी, शहर अध्यक्ष अनुराधा अग्रवाल, शहर सचिव रंजना शर्मा, मीना पांडे ने संस्कारधानी राजनांदगांव में 9 अप्रैल को निकलने वाली हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा शहर के सभी सनातन प्रेमियों, सर्व हिन्दू समाज व शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने धार्मिक व सामाजिक स्थल में एक आवश्यक बैठक लेकर हिन्दू एकता का परिचय दें।

प्रदेश अध्यक्ष श्री पटाक ने बताया कि उक्त शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रभार होकर तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, सदर बाजार, रामदेव बाबा मंदिर होते हुए बालाजी मंदिर गंज लाईन वापस पहुंचेगी। त्पश्चात भगवान हनुमान को भोग लगाकर महाप्रसादी की जाएगी। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सह सम्मान पत्र व नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश अध्यक्ष पटाक ने सम्मान किया। उक्त जानकारी शहर कोषाध्यक्ष रोशनी रायचा ने दी।




# पुलिस के साथ कांग्रेस नेता की गुंडागर्दी, कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव ने कांग्रेसी कार्यकर्ता द्वारा पुलिस अधिकारी के साथ की गई मारपीट के विरोध में सोमनी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष के तथाकथित पुत्र द्वारा होली पर्व के दौरान पुलिस जवान के साथ विवाद करने और मारपीट करने का मामला गरमाया था। उक्त आरोपी शराब के नशे में धुत था और पुलिस प्रशासन पर लगातार राजनीतिक दबाव बनाते बेखौफ होकर पुलिस जवान को लगातार गाली और धमकियां दे रहा था। जिसकी पुष्टि सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहे वीडियो से हो रही है। बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते कार्रवाई करने के बजाय माफीनामा लिखवाकर उसे छोड़ दिया गया। कानूनन ऐसी परिस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। जबकि पुलिस हमारी सुरक्षा का केंद्र बिंदु है। हिन्दू युवा मंच पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई करने की मांग करती है। जिससे न केवल पुलिस का मनोबल ऊंचा रहे, अपितु ऐसे अवांछित अपराधी तत्वों पर दंड रूपी अंकुश लगा रहे।

### आवेदकों को दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरा गया है, वह मूल शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव में 8 से 12 अप्रैल की अवधि में उपस्थित होकर सत्यापन करा सकते हैं। अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी से संबंधित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निःशुल्क कोचिंग प्रदाय किया जाएगा।

# भूपेश बघेल का कूटनीतिक षड्यंत्र हुआ फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा मीडिया सेल के सदस्य योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया, अमर लालवानी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि जिस तरह से भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव में 384 उम्मीदवार उतारकर ईवीएम मशीन से चुनाव न कराकर बैलेट पेपर से चुनाव करने की योजना बनाई थी, जिसे देशभर की मीडिया ने कवरेज दिया था, परंतु आज सिद्ध हो गया कि भूपेश बघेल का षड्यंत्र राजनांदगांव में नहीं चलने वाला।

मीडिया सेल के अनुसार आज कुल 23 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन जमा किए गए अर्थात कल भूपेश बघेल ने जो 210 नामांकन फॉर्म विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से मंगवाए थे, वह सभी नामांकन भरने की हिम्मत नहीं कर पाए और इस तरह से भूपेश बघेल का षड्यंत्र फेल हो गया। भाजपा मीडिया सेल के योगेश दत्त ने कहा कि प्रशासन को परेशानी में डालने की साजिश फेल हो गई और संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता भी परीक्षा में पास हो गई, इस घटनाक्रम से सिद्ध हो गया कि यहां के स्थानीय कार्यकर्ता भूपेश बघेल का साथ नहीं दे रहे, क्योंकि भूपेश बघेल की तानाशाही प्रवृत्ति 5 वर्षों में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने देखी है। यहां के कांग्रेसी कार्यकर्ता जब भूपेश बघेल से मिलने रायपुर जाया करते थे तो चार-पांच घंटे बैठने के बाद उन्हें मिलने तक नहीं दिया जाता था। जिसकी पीड़ा कांग्रेस के कद्दावर नेता सुरेंद्रदास वैष्णव ने सार्वजनिक मंच से व्यक्त की थी, अंदर खाने कांग्रेसियों में भूपेश बघेल के प्रति गहरा आक्रोश है।












**बैठक : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त रखें: श्री महोबे**

# कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के दोनों विधानसभा में मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने, डाक मतपत्र तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय अधिकारियों, विद्युत और लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई। कलेक्टर श्री महोबे ने संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रां की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। वही श्री महोबे ने कहा कि अप्रैल में अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पानी, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था बनाने के लिए सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

### जिले में 32 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे



राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र 06 के अंतर्गत जिले के दोनो विधानसभा में 32 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। विधानसभा 71 पंडरिया में 16 और विधानसभा 72 कवर्धा में 16 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इनमें 20 महिला मतदान केन्द्र, दो दिव्यांग मतदान केन्द्र और 10 युवा मतदान केन्द्र शामिल है। कलेक्टर श्री महोबे ने आदर्श मतदान केन्द्र में सभी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्र आर्कषक होना चाहिए। इन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं और बुजुगों को जानकारी और सहयता के लिए स्काउड गाईड, नेहरू युवा केन्द्र, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के वालिंटियर्स मौजुद रहेंगे। इन मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन भी लगाने के निर्देश दिए।

### दोनों विधानसभा में 402 मतदान केन्द्रों में किया जाएगा वेब कांस्टिग

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग किया जाएगा। जिसमें विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र शामिल है। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में इस बार मतदान केन्द्र के अंदर के अतिरिक्त बाहर भी वेब कांस्टिग किया जाएगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र में दो कैमरे स्थपित किए जाएंगे। एक कैमरा मतदान केन्द्र के अंदर और एक बाहर लगाया जाएगा। शिकायत और सुझाव के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है कंट्रोल रूम 24 घंटा संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने सभी मतदान केन्द्रों में दीवार लेखन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोंनो विधानसभा क्षेत्र के 804 मतदान केन्द्रों पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान का समय और मतदान केन्द्र का नाम सहित अन्य और महत्वपूर्ण जानकारी के साथ दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। दीवार लेखन में मतदान का समय, मतदान का दिनांक, मतदान केन्द्र का नाम, केन्द्र की कुल मतदाता, सम्मलित ग्राम का दीवार लेखन किया जा रहा है।

# मां कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सैकड़ों महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी



पोंडी क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम बघर्रा में तिजऊ राम साहू को स्मृति में पुत्र संतोष साहू सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से साहू समाज की ईष्ट देवी माता कर्मा का भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। जिसका प्रतिष्ठा गुरूवार को किया गया। इस प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व गुरुवार को सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने ग्राम बघर्रा में भव्य कलश यात्रा रैली निकाली। जिससे पूरे गांव भक्तिमय रहा। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजक संतोष साहू ने बताया कि हमारे गांव में भव्य रूप से माता कर्मा का मंदिर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कराया गया है। जिसका प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश दोनो डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा सियाराम साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल साहू, सांसद संतोष पाण्डेय, साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, श्रीमती भावना बोहरा, गोपाल साहू, पतिराम साहू, पवन साहू, घनश्याम साहू, जयराम साहू, धरम साहू, राधे साहू, दशरथ साहू, गजपाल साहू, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के सामाजिक लोग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### जीवन ज्योति बीमा योजना से नामिनी को मिला लाभ



**हरिभूमि पंडरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कामठी के शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार धुर्वे द्वारा ग्राम परसेलखार निवासी स्वयं सहायता समूह के सचिव श्रीमती बीरन बाई की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके पति नामिनी दिलीप कुमार धर्वे को प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख का चेक प्रदान किया गया। जिसमे जनपद पंचायत पंडरिया से एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक प्रेम सिंह उइके, पीआरपी श्रीमती टामेश्वरी साहू, एफएल सीआरपी श्रीमती मुखिया धुर्वे उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक द्वारा स्वयं सहायता समूह के कार्यकर्ताओ को बैंकिंग से सम्बंधित विभिन्न ऋण एवं बीमा योजनाओ जैसे पीएम जेजेबीवाई, पीएमएसपीवाई व एपीवाई आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**खबर संक्षेप**

### बैठक लेकर अधिकारी कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**कवर्धा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज की अध्यक्षता में कबीरधाम जिले के निजी चिकित्सालयों एवं आईएमए सदस्यों की बैठक का आयोजन आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य शासकीय व निजी चिकित्सालयों के मध्य समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से संचालन करना तथा निजी चिकित्सालय से सहयोग प्राप्त करने तथा उनके शिकायत व सुझाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत नए पोर्टल में सोनोग्राफी की रिपोर्ट किए जाने व गर्भवास्था का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी एक्ट) कर कल्याणी एप में आवेदन करने तथा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत समस्त चिकित्सालयों को एक्ट का पालन करने निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि सभी निजी चिकित्सालयों को आपसी सहयोग कर संक्रामक रोगों के रोकथाम व रेबीज टीकाकरण के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 03 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा, प्रथम चरण में 19 अप्रैल द्वितीय चरण में 28 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 07 मई नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वैदिक प्रचारक)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

# मत्स्यिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वोट के महत्व को जाना

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा स्व.श्री पुनाराम निषाद मत्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में युवाओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने और प्रत्येक वोट के महत्व को समझने मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से आह्वान किया गया कि वह स्वयं वोट डाले तथा अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एवं सभी कॉलेजों वा स्कूलों में लगातार चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मजगांव स्थित मत्स्यिकी महाविद्यालय में युवा मतदाताओं को प्रेरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने युवा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वोट महत्व रखता है। लोकतंत्र में यहां हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया।

संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन चरणों में लोकसभा का निर्वाचन होना है। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। सभी युवाओं से आह्वान किया गया कि वह चुनाव का पर्व देश का गर्व को चरितार्थ करते हुए शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम के दौरान मत्सकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सभी शिक्षक गण, उपसंचालक पंचायत सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं

### गुरूकुल के विद्यार्थियो ने साइंस ऑलम्पियॉड में लहराया परचम

**हरिभूमि कवर्धा।** साइंस ओलम्पियाड फाउन्डेशन के तत्वावधान मे विविध प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसके अन्तर्गत इंग्लिश ओलम्पियाड में एक छात्रा, साइंस ओलम्पियाड में चार छात्र-छात्राओं, सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड में पांच छात्र-छात्राओं, गणित ओलम्पियाड में बीस छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले में गुरूकुल पब्लिक स्कूल को गौरवान्वित कर परचम लहराया है। इन विद्यार्थियो को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा चार विद्यार्थियों मोक्ष साहू कक्षा चौथी, आराध्या सिंह राजपूत छाठवीं, दर्ष सिंह पाहुजा कक्षा नौवमीं, प्रांजल गुप्ता कक्षा नौवमीं ने सेकेण्ड लेबल ओलम्पियाड में भाग लेकर उसमें भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन ओलम्पियाड परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई। गुरूकुल के बच्चे हर विधा हर विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं राज्य, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करते रहे है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य ने समस्त सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## महिला क्रिकेट खिलाड़ी चयन ट्रायल 7 अप्रैल को



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकट संघ सीएससीएस द्वारा महिला क्रिकेट (ड्युस बाल) खिलाड़ियों का चयन करने हेतु ट्रायल्स का आयोजन 07 अप्रैल को किया जाएगा। ट्रायल्य अंडर 15 व 19 तथा 23 एवं सीनियर आयु वर्ग का होगा। ट्रायल प्रदेश के 05 जिलों में होगा, जिसमें महिला अंडर 15 में कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011, अंडर 19 में 01 सितंबर 2005 को या उसके बाद, अंडर 23 में 01 सितंबर 2001 को या उसके बाद के आयु वर्श के खिलाड़ी शामिल हो सकते है। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को संबंधित जिला क्रिकेट संघ में ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। सभी खिलाड़ियों को रंगीन ड्रेस व अपने साथ किट लेकर ट्रायल में पहुंचना होगा। कवर्धा जिला क्रिकेट संघ के सचिव बलबीर खनूजा ने बताया कि दुर्ग, राजनांदगांव व कवर्धा जिले के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 07 अप्रैल को सुबह 07 बजे से राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में लिया जाएगा। जो भी महिला क्रिकेट खिलाड़ी कवर्धा जिला से भाग लेना चाहती है। उन्हें पहले जिला क्रिकेट संघ कवर्धा में ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। श्री खनूजा ने ज्यादा से ज्यादा महिला खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भाग लेने कि अपील की।

# अमित शाह 6 को कवर्धा में सभा को करेंगे संबोधित

- सरदार पटेल मैदान का किया निरीक्षण: डिप्टी सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



मतदान की नजदीकियों को देखते हुए अब जिले के विधानसभाओं में राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसकी शुरूआत भाजपा द्वारा की जा रही है।

आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कवर्धा पहुंच रहे हैं। सभा का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा पहुंचकर सभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय नेता का भव्य स्वागत किया जाएगा, उसके लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने व्यापक तैयारी कर रहे है, श्री शर्मा के मुताबिक श्री शाह राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में स्थानीय सरदार पटेल मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

जिसकी भाजपा द्वारा जोरदार तैयारियां की जा रहा है। उनके साथ छत्तीसगढ़ के प्रमुख भाजपा नेता भी साथ रहेंगे। उप मुख्यमंत्री के साथ सभा स्थल में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# महली शाला मे न्योता भोज व विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पण्डरिया नगर के निकट ग्राम पंचायत महली के प्राथमिक शाला भवन मे बच्चो और पालको के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन ने जन समान्य को स्कूलों से जोड़ने के लिए सभी विद्यालयों मे न्योता भोजन करवाने के लिये यह एक योजना चालू किये है इसी तारतम्य मे प्राथमिक शाला महली मे न्योता भोजन और पांचवी के बच्चो के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया द्वारा शिक्षक साथियों विकासखंड पंडरिया आप सभी जनकारी हो कि पूरे पंडरिया ब्लाक में समस्त विद्यालय आम पब्लिक को विद्यालयों में न्योता भोजन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है जो आपकी और हमारे सभी का एक नई उमंग व ऊंचाई है जिसके द्वारा विद्यालय परिवार में आम नागरिक को जोड़ा जा रहा है यह बहुत ही खुशी की बात है कि प्रत्येक विद्यालयों में न्योता भोजन के नाम से एक प्रतिस्पर्धा हो रही है जो पंडरिया ब्लाक को एक नई भविष्य को पदार्पण करने जैसी है निश्चित रूप से समाचार पत्र में दीजिए जिसमें विद्यालय का नाम ब्लॉक का नाम जिला का नाम सहित जिसके द्वारा न्योता भोजन तैयार किया जा रहा है उसका नाम समाचार पत्र में जरूर हो। सभी को बधाई देकर बच्चो को अपना आशीर्वाद प्रदान किये। न्योता भोजन विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकांए पालकगण के साथ अर्जुन चंद्रवंशी, गोपाल चंद्राकर अध्यक्ष शाला विकास समिति धीरज देवांगन संकुल प्राचार्य ईश्वर तिवारी संकुल समन्वयक, सोमनाथ साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला महली, श्रीमती मालती तिवारी प्रधान पाठक दुल्लापुर, पवन पाठक प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, कामराज सोनी व्याख्याता हाई स्कूल महली विनोद गोस्वामी, सुरेश देवांगन, भरत डोरे, श्रीमती सुधा क्षत्रिय, श्रीमती बिंदु राजपूत, श्रीमती इन्द्राणी सत्यम सहित पालक गण और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थें।

### टीपीएल में उड़िया व रणवीरपुर ने जीता सेमीफाइनल मैच



**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा टीचर प्रीमियर लीग जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता का यह पांचवा वर्ष है। इसमें जिले के कुल 20 जोन के 22 टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का दो सेमीफाइनल मैच बुधवार को खेला गया जिसमें पहला मैच उड़यि खुर्द जोन व रणवीरपुर जोन के मध्य खेला गया। जिसमें रणवीरपुर जोन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 105 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य की पीछा करते हुए उतरी उड़यि टीम के कप्तान योगेश के 51 रनों एवं दिनेश निषाद के 25 रनों की मदद से आठवें ओवर में ही मैच जीत लिया। उड़यि टीम टीपीएल के फाइनल में पहुंच गई। तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच रणवीरपुर जोन व तरेगांव जोन के मध्य खेला गया। जिसमें तरेगांव जोन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में 136 रन बनाए। वहीं 137 रनों के पीछा करने उतरी रणवीरपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में ही मैच जीत लिया। टीम के बल्लेबाज जितेंद्र चंद्रवंशी ने टीपीएल का आज तक का सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर नाबाद 90 रन बनाया। जितेंद्र इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। रणवीपुर जोन ने यह मैच जीतकर फाइनल में अपना स्थान बना लिया। टीपीएल का फाइनल मुकाबला 5 अप्रैल को स्वामी करपात्री स्टेडियम कवर्धा में उड़यि जोन व रणवीरपुर जोन के मध्य खेला जाएगा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**अनदेखी:** जनजागरूकता व सामाजिक कुरितियां व परंपरा

# जिस हाथों में होनी चाहिए किताबें परिजन बांध रहे बाल विवाह की बेड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह मामले कहीं न कहीं इस बात की गवाही दे रहे हैं, तो बाल विवाह कराने की कोशिश हो रही है और कुछ मामले में शायद परिजन सफल भी हो जा रहे है। विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। शायद ही कोई इस बात से अब कोई अंजान होंगे। फिर भी उनके अपने ही अपने बच्चों को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से बचाने की बजाए उन्हें उसी आग में झोंकने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह मामले के कहीं न कहीं इस बात की गवाही दे रहे हैं तो बाल विवाह कराने की कोशिश हो रही है और कुछ मामले में शायद परिजन सफल भी हो जा रहे होंगे।

जिले में आने वाले रामनवमी पर्व एवं अक्ती के अवसर पर शुभ मुहुर्त मानकर ग्रामीण जन ज्यादातर अपने बच्चों का विवाह करते है। जिला कवर्धा में बीते हर वर्षो में प्रशासन की टीम ने दरजनों बाल विवाह रोकने कि कार्यवाही की है। इनमें कई बाल विवाह तो ऐसे मौके पर रोके गए जब बारात चौखट तक पहुंच चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार जिम्मेदारों व विभागीय आधिकारियों द्वारा भी इस बात भी सें इंकार नहीं किया जा सकता कि हर जगह बाल विवाह की सूचना अफसरों तक पहुंच रही हो। जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह मामले कहीं न कहीं इस बात की गवाही दे रहे हैं तो बाल विवाह कराने की कोशिश हो रही है और कुछ मामले में शायद परिजन सफल भी हो जा रहे होंगे।



### अधिकतर मामले ग्रामीण क्षेत्रों की ज्यादातर वजह आर्थिक तंगी, अशिक्षा

विभागीय जांच टीम के सामने ज्यादातर मामलों में यह बातें सामने आ रही है कि बाल विवाह कराने के पीछे वजह आर्थिक तंगी व अशिक्षा है। बालिका के कम पढ़ी-लिखी होना या पढ़ाई छूट जाना, घर में ही रहना जैसे वजह सामने आ रहे हैं या फिर लड़की के पिता नहीं हैं, मां अकेली है और घर की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। कमाने वाले और कोई नहीं, घर संभाल पाने में नाकाम परिजन जितनी जल्दी बेटी के हाथ पीले हो जाए यही सही समझते हैं।

### जन जागरूकता का अभाव

जिले में बाल विवाह व जन जागरूकता का अभाव के कारण बेटियां शादी ब्याह की इस झमेला में पड़ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा व अन्य कारणों से बेटियों की ब्याह कम उम्र में करने को मजबूर है साथ ही साथ ऐसा माना जाता है कि लड़कियों की शादी ब्याह कर माता पिता का बोझ कम हो जाता है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखने को मिलता है।



# महीनो से बंद हैंडपंप को सुधरवाया ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव ब्राम्हण पारा स्थित हैंडपंप महीनों से बंद व खराब होने के कारण रहवासियो व ग्रामीणों को भारी परेशानियां व दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हैंडपंप बंद होने के कारण पानी का लेवल नीचे गिर जाने के कारण हैंडपंप से पानी नहीं निकलता था। जिस पर कोलेगांव मोहल्लेवासियों ने बंद व खराब हैंडपंप की शिवका शिकायत क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को की। वहीं विधायक नें रहवासियों व मोहल्लेवासियों की परेशानियां व समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा तत्काल विभागीय अधिकारियों को तुरंत हैंडपंप की सुधार व मरम्मत कार्य करने कहा। जिसे मैकेनिक दिलीप अवस्थी नें आकर सुधार कार्य किया गया। जिसके कारण आज महीनो से बंद हैंडपंप सुधार व मरम्मत होने से मोहल्लेवासियों को सुविधा व राहत मिलने पर ग्राम कोलेगांव वासियों व ब्राम्हण पार के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त शैलेंद्र शर्मा, रामावतार साहू, कुंवर सिंह यादव, भकतु साहू, राजू यादव, सोनू साहू, जून यादव, प्रभु यादव व ग्रामीणों ने किया।

## खबर संक्षेप

### छात्रा भूमिका अनंत का नवोदय में चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा स्थित अभ्युदय स्कूल में अध्ययनरत मेधावी छात्रा भूमिका अनंत का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर पिता अनंत अगम व छात्र छात्राओं एवं मित्रो ने उज्जवल बधाई व शुभकामनाएं दी।

### आज से शाला समय में आंशिक परिवर्तन, प्रातः 7 से 11 बजे तक लगेगी स्कूल




**हरिभूमि कवर्धा।** वर्तमान में प्रदेश पड़ रहे भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में 4 अप्रैल से आंशिक परिवर्तन किया गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने विद्यार्थियों के हित में लिए गए, इस निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा 3 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई व हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक लगेगी। वहीं दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 7 से 11 तथा हाई व हायर सेकेण्डरी शालाएं 11 से 3 बजे तक संचालित होंगे, यह आदेश 4 से 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा।

## निधन

### प्रेमराज जैन

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सुंदूर वनांचल ग्राम कुई-कुकदुर निवासी प्रतिष्ठित व्यावसायी प्रेमराज जैन का निधन हो गया। खबर मिलते ही उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शोक प्रकट करते हुए आसपास क्षेत्र ग्रामीण गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित हुए, स्व. प्रेमराज जैन अभय जैन, आनंद जैन के पिता हैं। उनके निधन से परिवार व आसपास क्षेत्र में शोक व्याप्त है।



# नशीली दवा इंजेक्शन विक्रय के आरोपी पुलिस गिरफ्त में

- आरोपी के विरूद्ध 21 (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने नशीली दवा इंजेक्शन के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही किया जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव आदर्श आधार संहिता के मद्देनजर समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत अपराधिक व अन्य गतिविधियो एवं अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा त्वरित कार्यवाही करने निर्देश दिए। जिस पर गुरूवार को कवर्धा थाना पुलिस एवं सायबर सेल स्टाफ अवैध जुआ, सट्टा, आबकारी एवं नशीली दवाओं का विक्रय करने वालो पर कार्यवाही करने टाउन-देहात टीम रवाना किया गया।

इसी दौरान भ्रमण के मुखबिर से सूचना मिली कि नवीन बाजार मछली मार्केट के पास कवर्धा में दों आरोपियों द्वारा अवैध धन अर्जित करने की नियत से नशीली दवा (इंजेक्शन) अपने पास रखा है कि मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस स्टाफ द्वारा नवीन बाजार कवर्धा में रेड कार्यवाही किया। कार्यवाही दौरान दो आरोपियों गयासुदीन पिता शब्बीर खान आयु 28 वर्ष कसाई पारा वार्ड नं 21 व राजेश रघुवंशी पिता कमल रघुवंशी आयु 20 वर्ष निवासी रेवाबंध पारा कवर्धा के कब्जे से नशीली दवा (इंजेक्शन) (50 नग) एवं नगदी 1780 रूपए बरामद किया गया। आरोपी गणो का कृत्य धारा 21 (ग) एनडीपीएस एक्ट पाए जाने से आरोपी गयासुदीन खान एवं राजेश रघुवंशी को विधिवत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में शांता लकड़ा, अभिनव तिवारी, अमित गीतम, गज्जू राजपूत, अजय वैष्णव, शशांक तिवारी व पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।




# साइबर ठगी के झांसे में युवाओं से ज्यादा युवतियों की संख्या

## जागरुकता के अभाव में धोखाधड़ी के शिकार हो रहें ग्रामीण

- गांवों में इंटरनेट तो पहुंचा पर उतनी ही तेजी से बढ़े धोखाघड़ी के मामले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

प्रदेश सहित अन्य जिलों की तरह कबीरधाम में भी 4 जी व 5 जी नेटवर्क की शुरूआत हो चुका है। विभिन्न कम्पनियों की नेटवर्क शहर से लेकर गांव-गांव तक अपना जाल बिछा चुकी है।

ऐसे में अब जिले के सुंदूर वनांचल में भी मोबाइल का इस्तेमाल आसानी से किया जा रहा है। मोबाईल नेटवर्क के साथ ही इंटरनेट की सुविधा ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलने से कवर्धा में इंटरनेट के यूजर्स लगातार बढ़ते जा रहा है। जैसे-जैसे इंटरनेट ग्रामीण इलाकों में पहुंच रही है वैसे-वैसे सायबर ठग भी अपना शिकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

यही वजह है कि अब साइबर अपराध गांवों में भी बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षो के आंकड़ों को देखें तो शहरों के अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में सायबर अपराध के मामले ज्यादा बढ़े हैं। इन अपराधों में बैंक खातों में हैकिंग, ऑनलाइन फाइनेंशियल धोखाधड़ी, नकली सोशल मीडिया पोस्ट बनाना, लोगों की तस्वीरों और पहचान के साथ छेड़-छाड़ कर उन्हें ब्लैकमेल करना जैसे घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं।



### युवाओं से अधिक युवतियां ठगी के शिकार

जिले में साइबर ठगी के शिकार युवाओं से ज्यादा युवतियां हो रही है। ऑडियंस एण्ड मेजरमेंट, डेटा और एनालिटिक्स में नीलसन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जैसे-जैसे इंटरनेट ग्रामीण इलाकों में बढ़ रही है वैसे-वैसे इन इलाकों में सायबर अपराध भी बढ़ रहा है। भारत 2.0 इंटरनेट स्टडी के मुताबिक देश में दो वर्ष से लेकर बड़ी उम्र के 64.6 करोड़ सक्रिय इंटरनेट यूजर हैं। इनमें 35.2 करोड़ यूजर्स गांवों से हैं। यानि ग्रामीण भारत में शहरों की तुलना में 20 प्रतिशत इंटरनेट यूजर ज्यादा हैं। मई 2022 में जारी किए गए इस रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले दो सालों में महिला यूजर्स की संख्या 61 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि पुरुष यूजर्स की संख्या में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह मौजूदा समय में हर तीन में से एक महिला इंटरनेट में सक्रिय है।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में दो छात्रा चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनौरा के छात्रा टिकेश्वरी साहू व अखिलेश्वर निषाद का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई 2023-24 में चयनित होने पर संस्था के प्रधानपाठक बिरेंद्र चंद्रवंशी, शिक्षक नरेंद्र सर्वे, भूपेंद्र चंद्रवंशी, रामगुलाम पटेल, यशवंत साहू द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया तथा चयनित विद्यार्थीयों को मीठा खिलाकर गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के छः विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के 6 छात्र छात्राओं को जवाहर नवोदय में चयन परीक्षा 2024 में चयन होने पर शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थियों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं चयनित छात्र छात्राएं जिसमें विकासनी वैष्णव, निधि साहू, भूमिका ठाकुर, अभय चंद्राकर, युवराज दिवाकर व अनीश कुमार का चयन होने पर पालक गण व ग्रामीणों ने बधाई दी।



## द होली किंगडम के छात्र अंकित का नवोदय विद्यालय में चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के द होली किंगडम स्कूल तारो-लालपुर कला के छात्र अंकित जायसवाल का जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में कक्षा 6वी के लिए चयन हुआ है। छात्र अंकित जायसवाल फुलवारी पारा निवासी पुलिस आरक्षक सुखचंद जायसवाल-सुमन जायसवाल के सुपुत्र है, छात्र बचपन से मेधावी छात्र है वह अपनी सफलता का श्रेय मार्गदर्शक गुनाराम चंदेल व स्कूल के समस्त शिक्षक व माता-पिता को दिया है। छात्र अंकित जायसवाल की इस उपलब्धि पर जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव, कलार समाज के अध्यक्ष विरेंद्र जायसवाल, स्कूल के प्राचार्य थामस, सहित छात्र छात्राओं व मित्र जनों ने बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**युवाओं में भारी उत्साह, 400 पार व फिर से मोदी सरकार का लिया संकल्प**

# भाजयुमो मंडल कुण्डा ने कुआमालगी में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं से लोकसभा के चुनाव को लेकर चर्चा व परिचर्चा किया गया। जिसमें राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को अधिक से अधिक मतों से विजय बनने परिचर्चा किया। वहीं नरेन्द्र मोदी को फिर से तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने सभी युवाओं में काफी उत्साह व 400 पार, फिर से मोदी सरकार का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मनहरण साहू मंडल अध्यक्ष भाजयुमो मंडल कुण्डा, परषोत्तम निर्मलकर महामंत्री, फिरतु साहू मंत्री, खेलुराम साहू, नर्मदा साहू सरपंच, राजकुमार, नरेश साहू, रघुनाथ साहू, भूपेन्द्र साहू, सुरेश, भरतलाल, उसेन, भूपेन्द्र, आत्माराम उपस्थित थें। वहीं महामंत्री पुरुषोत्तम निर्मलकर ने युवा चौपाल में युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक कार्यो को अवगत कराया। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्य उल्लेखनीय जिसमें श्रीराम मंदिर, सीएए, नई शिक्षा नीति, . धारा 370, तीन तलाक़, जीएसटी, महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति, महिलाओं को जहरीले धुएं से मुक्ति, संसद में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण, गरीबों के सिर पर छत, करोड़ों को नल से पानी, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, दुनियां की 5वीं आर्थिक शक्ति, भ्रष्ट्राचार मुक्त सरकार, एमएसपी पर फसलों की खरीद, पहले दलित राष्ट्रपति, अब आदिवासी राष्ट्रपति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 80 नए एयरपोर्ट यह सभी उल्लेखनीय कार्य नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जो सराहनीय है। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।




**आवश्यकता है**

परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिः श्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी के धर्म-संदेश को प्रत्येक ग्राम में घर-घर तक पहुंचाने एवं घर-घर से नित्य- दान के संग्रह हेतु ब्राह्मण धर्मदूतों की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति 8 अप्रैल 2024 तक आवेदन करें
नीचे दिए मोबाइल नंबर पर अपना चरित्र प्रमाणपत्र सहित बायोडाटा मोबाइल नंबर वाट्सएप करें।
संपर्क सूत्रः धर्मान्सद पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा भागवताचार्य
9406350220

नोटः- नियुक्ति होने पर उचित मानदेय दिया जाएगा।
धोती-कुर्ता ड्रेस कोड में कार्य करने वाले ही आवेदन करें